▼ **स्टूडेंट इश्यूज़... श्वेता रैना,** हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से ग्रेजुएट और टेलीरंग की फाउंडर व सीईओ

इन्वेस्टमेंट बैंकर के काम में मीटिंग, डेस्क एनालिसिस और विभिन्न बिजनेस मॉडल पर काम करना शामिल है। ऐसे में ये कंपनी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जानते हैं इसके लिए जरूरी स्किल के बारे में

कंपनी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं इन्वेस्टमेंट बैंकर

इन्वेस्टमेंट बैंक में कई प्रकार के विभाग होते हैं, जिसमें ट्रेडिंग डिस्क से लेकर मर्जर टीम तक शामिल होती हैं। इन्वेस्टमेंट बैंकर मर्जर और एक्विजिशन टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा जो प्रोफेशनल कंपनियों के लेनदेन को भी देखते हैं। किसी भी नए ऑफर और क्लाइंट से विभिन्न प्रकार की डील को देखने की जिम्मेदारी भी इन्वेस्टमेंट बैंकर की ही होती है। आइए जानते हैं कि इन्वेस्टमेंट बैंकर के लिए किस प्रकार के स्कूल की आवश्यकता होती है...

रिसर्च स्किल

बिज़नेस की संभावनाएं पता करना कंपनी के लिए महत्वपूर्ण होता है। इन्वेस्टमेंट बैंकर अलग-अलग क्षेत्रों में बिज़नेस की संभावनाओं के बारे में रिसर्च करते हैं। ऐसे में रिसर्च स्कूल की भूमिका अहम होती है। इसके माध्यम से कंपनियां फंडिंग जुटाने से लेकर अपने बिज़नेस का विस्तार करने तक की योजनाएं बनाती हैं। इसके लिए एक इन्वेस्टमेंट बैंकर को रिसर्च करने के साथ-साथ एक आंत्रप्रेन्योर के रूप में भी सोचना पड़ता है। यदि आप किसी नए सेक्टर में काम कर रहे हैं, तो आपको विभिन्न रिपोर्ट के माध्यम से इंडस्ट्री से संबंधित कंपनियों और उनके बिजनेस के बारे में जानकारी जुटाने होती है। इसके लिए विभिन्न रिसर्च रिपोर्ट का सहारा लिया जा सकता है।

वित्तीय ढांचा तैयार करना

बतौर इन्वेस्टमेंट बैंकर आपको संभावित खर्च के बारे में आकलन करना होता है और बताना होता है कि किसी डील पर कितना खर्च आ सकता है। वित्तीय डेटा का अध्ययन करना एक महत्वपूर्ण काम है। इसके लिए इन्वेस्टमेंट बैंकर को कंपनी की वित्तीय संरचना के बारे में जानकारी होनी चाहिए। वित्तीय डेटा के माध्यम से मौजूदा खर्च और भविष्य में होने वाले खर्च के बारे में योजनाएं तैयार की जा सकती हैं। अपनी कंपनी के अलावा इंडस्ट्री की अन्य कंपनियों के बारे में और उनकी वित्तीय संरचना को समझने के लिए भी यह स्किल जरूरी है। इससे कंपनी को किसी नई योजना बनाने के साथ-साथ रिस्क कम करने में मदद मिलती है।

कम्युनिकेशन स्किल

इनवेस्टमेंट बैंकिंग में आपको विभिन्न क्लाइंट से मीटिंग करनी होती है। इसमें अपनी बात बेहतर तरीके से रखने की क्षमता काम आती है। कम्युनिकेशन स्किल यहां महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसमें कम्युनिकेशन स्किल और प्रेजेंटेशन महत्वपूर्ण बन जाता है। स्प्रेडशीट, स्लाइड शो, डॉक्यूमेंट तैयार करना और रिटन स्किल भी महत्वपूर्ण होती है। कई बार मीटिंग के दौरान परिस्थितियां आपके पक्ष में नहीं होती हैं। ऐसे में आप की प्रेजेंटेशन और कम्युनिकेशन स्किल ही इससे बेहतर बनाने में मदद करती है। क्लाइंट के साथ आपके अच्छे संबंध कॅरिअर में आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

इन्वेस्टमेंट बैंकर का दिन आमतौर पर व्यस्त रहता है। इसमें मीटिंग, डेस्क एनालिसिस और विभिन्न बिजनेस मॉडल पर काम करना शामिल है। इसके बाद योजनाएं तैयार करना और इसे अपने मैनेजर और क्लाइंट के सामने पेश करना होता है। इन्वेस्टमेंट बैंकर को सप्ताह में औसतन 90 से 100 घंटे या इससे भी ज्यादा काम करने की जरूरत होती है, लेकिन इस क्षेत्र में सैलरी पैकेज की कहीं ज्यादा मिलता है। यदि आप बेहतर तरीके से काम करते हैं बोनस भी मिलता है।